## खबर संक्षेप

### 251 मीटर की चुनरी लेकर भठिया वाली मैया के द्वार पहुंचीं हजारों महिलाएं



**शहडोल।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जैतपुर अंचल भक्ति के रंग में सराबोर हो गया। शबरी माता महिला मित्र मंडली के तत्वाधान में आयोजित विशाल चुनरी यात्रा में श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनैना सिंह सैयाम के नेतृत्व में हजारों महिलाओं ने जैतपुर से मां सिंहवाहिनी भठिया वाली के दरबार तक 7 किलोमीटर की दूरी नंगे पांव तय की। गाजे-बाजे और माता के जयकारों के बीच 251 मीटर लंबी चुनरी समर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस भव्य यात्रा में सरपंच दुर्गा सिंह, अनीता रजक, गीता पाठक सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल हुई। भठिया धाम पहुंचते ही पूरा परिसर जय माता दी के उद्घोष से गूंज उठा।

### डॉ. सलिल पाठक ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**शहडोल।** जिले के बुढ़ार नगर के वार्ड क्रमांक 05 निवासी एवं वर्तमान में जिला सीधी में पदस्थ डॉ. सलिल कुमार पाठक (पशु चिकित्सा सहायक शल्य) ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से एक बार फिर नगर का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि डॉ. पाठक ने वर्ष 2024 में मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पशु चिकित्सा सहायक शल्य चयन परीक्षा में प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया था। विगत एक वर्ष से वे जिला सीधी में अपनी सेवाएं पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यपरायणता के साथ प्रदान कर रहे हैं। मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना हिरण्यगर्भा अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 से जनवरी 2026) के दौरान उनके कुशल नेतृत्व एवं अधीनस्थ अमले के समर्पित प्रयासों से 3780 लक्ष्य के विरुद्ध 2652 कृत्रिम गर्भाधान सफलतापूर्वक संपादित किए गए, जो कि 70.16 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति को दर्शाता है। यह उपलब्धि अत्यंत सराहनीय मानी जा रही है। डॉ. पाठक के प्रभावी नेतृत्व, सकारात्मक कार्यशैली एवं टीम भावना के कारण ही यह सफलता संभव हो सकी। उनके अधीनस्थ कर्मचारियों का समर्पण भी इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।इस उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्य प्रदेश शासन, उमाकांत उमराव द्वारा उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल नगर बुढ़ार बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। क्षेत्रवासियों ने डॉ. सलिल कुमार पाठक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य कर क्षेत्र ,जिले एवं भविष्य में भी अपनी सेवा अपने नगर में देकर नगर का नाम रोशन करते रहेंगे।

### बेटियों की जिंदगी से कैंसर का खेल खत्म

**शहडोल।** जिले की बेटियों को मौत के जाल (सर्वाइकल कैंसर) से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आर-पार की जंग छेड़ दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने साफ कर दिया है कि 31 मई तक चलने वाला यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान केवल एक सरकारी लक्ष्य नहीं, बल्कि बेटियों का जीवन बचाने का मिशन है।

अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं
डॉ. मिश्रा ने सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक और तथ्यहीन खबरों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि टीका पूरी तरह सुरक्षित है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। उन्होंने अभिभावकों को दोटूक चेतावनी दी है कि वे अफवाहों के चक्कर में अपनी 14 से 15 साल की बच्चियों का भविष्य दांव पर न लगाएं। यह टीका एक जीवनरक्षक ढाल है, जिसे मेडिकल कॉलेज से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक निःशुल्क लगाया जा रहा है।

लक्ष्य बड़ा, तैयारी कड़ी
जिले में 11,051 बच्चियों के टीकाकरण का भारी-भरकम लक्ष्य है।

## कोल इंडिया की खदान से ओवरबर्डन मिट्टी चोरी कर रेलवे को बेची

# नगर परिषद की मशीन से खदान की मिट्टी चोरी











### नगर परिषद उपाध्यक्ष पर गंभीर आरोप, खुलासा होते ही मचा हडक़ंप

शहडोल जिले के अमलाई क्षेत्र में अवैध ओवरबर्डन मिट्टी निकासी का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि कोल इंडिया की खदान से चोरी-छिपे मिट्टी निकालकर अमलाई रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म निर्माण में डाली जा रही थी। इस पूरे मामले में नगर परिषद बरगवां-अमलाई के उपाध्यक्ष राज तिवारी का नाम सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद की जेसीबी मशीन भी बिना किसी अधिकृत आदेश के मौके पर लाई गई थी, जिसकी जानकारी सीएमओ तक को नहीं थी।

शहडोल।

जिले के अमलाई क्षेत्र में कोल इंडिया की जमीन से ओवरबर्डन मिट्टी की अवैध निकासी और उसे रेलवे निर्माण कार्य में खपाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हडक़ंप मच गया है। आरोप है कि नगर परिषद बरगवां-अमलाई के उपाध्यक्ष राज तिवारी के इशारे पर खदान क्षेत्र से मिट्टी निकालकर ट्रैक्टर और मेटाडोर के माध्यम से अमलाई रेलवे स्टेशन तक पहुंचाई जा रही थी। बताया जा रहा है कि दो दिनों के भीतर करीब 40 से 50 ट्रैक्टर मिट्टी रेलवे परिसर में डाली जा चुकी थी, जिसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। मामले के सामने आने के बाद कोल इंडिया के अधिकारियों ने मौके की जांच कर पुलिस को सूचना दी है, वहीं देवहरा पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### नगर परिषद की जेसीबी चोरी-छिपे मौके पर लाई गई

मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि मिट्टी निकालने के लिए नगर परिषद बरगवां-अमलाई की जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया। बताया जा रहा है कि यह मशीन बिना किसी आधिकारिक आदेश के खदान क्षेत्र में पहुंचाई गई थी। जेसीबी चालक राशिद खान पिता मोहम्मद रफीक ने बताया कि उसे यह कहकर मशीन लेकर बुलाया गया था कि पास के गड्ढे में एक गाय मर गई है और वहां मिट्टी भराई करनी है। चालक के अनुसार जब वह मौके पर पहुंचा तो वहां खदान क्षेत्र से मिट्टी निकाली जा रही थी। सबसे हैरानी की बात यह है कि इस पूरे मामले की जानकारी नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह को भी नहीं थी। इससे सवाल उठने लगे हैं कि आखिर नगर परिषद की मशीन बिना किसी अनुमति के खदान क्षेत्र तक कैसे पहुंच गई।

### कोल इंडिया की जमीन से ओवरबर्डन मिट्टी की चोरी

जांच के दौरान कोल इंडिया के अधिकारियों ने पुष्टि की कि जिस स्थान से मिट्टी निकाली जा रही थी, वह कोल इंडिया के सुहागपुर एरिया के अंतर्गत आता है। अमलाई एवं जमुना क्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रबंधक पी. तमन्ना ने सर्वे विभाग के अधिकारियों से मौके की जांच करवाई। जांच में स्पष्ट हुआ कि यह पूरा इलाका कोल इंडिया की भूमि है और वहां से ओवरबर्डन मिट्टी का उत्खनन बिना किसी अनुमति के किया जा रहा था। इसके बाद चचाई थाना अंतर्गत देवहरा पुलिस चौकी प्रभारी रंगनाथ मिश्र को मौके पर बुलाया गया और पूरे मामले की जानकारी दी गई। बाद में इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत भी सौंपी गई।

### रेलवे को अंधेरे में रखकर मिट्टी सप्लाई

मामले में यह भी सामने आया है कि रेलवे निर्माण कार्य में मिट्टी की आपूर्ति के लिए किसी वैध स्रोत से सामग्री लाने का प्रावधान होता है, लेकिन यहां चोरी की मिट्टी रेलवे परिसर में डाली जा रही थी। बताया जा रहा है कि अमलाई रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म निर्माण के लिए करीब 8 से 10 लाख रुपये का मिट्टी भराई का ठेका लिया गया था। इसी ठेके के तहत चोरी की मिट्टी पहुंचाई जा रही थी। मौके पर पहुंचे रेलवे विभाग के इंजीनियर और संबंधित ठेकेदार ने भी स्वीकार किया कि मिट्टी राज तिवारी के माध्यम से ही भेजी जा रही थी। हालांकि उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि यह मिट्टी अवैध रूप से निकाली गई है।

### मुख्य अभियंता ने जांच और कार्रवाई की बात कही

रेलवे के आईओडब्ल्यू कार्यालय के प्रमुख अभियंता अरविंद ने कहा कि मामले की जानकारी मिलने के बाद संबंधित ठेका कंपनी को बुलाकर जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि यह पाया गया कि निर्माण कार्य में चोरी की मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है, तो ठेका कंपनी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी और कार्य आदेश भी निरस्त किया जा सकता है।

### 40 से 50 ट्रैक्टर मिट्टी पहले ही पहुंचाई जा चुकी

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले दो दिनों में लगभग 40 से 50 ट्रैक्टर और एक मेटाडोर खदान क्षेत्र से मिट्टी निकालकर रेलवे परिसर में पहुंचा चुके थे। इन वाहनों की गतिविधियों के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि ट्रैक्टर और मेटाडोर खदान क्षेत्र से मिट्टी लेकर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे हैं।

### मामला खुलने पर 'गाय मरने' की कहानी

घटना के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर हो रही है कि जेसीबी चालक को शुरुआत में यह कहकर बुलाया गया था कि गड्ढे में गाय मर गई है और वहां मिट्टी भरनी है, लेकिन बाद में मौके पर पहुंचे ट्रैक्टर चालकों और अन्य लोगों ने स्वीकार किया कि वे रेलवे स्टेशन में मिट्टी डालने का काम कर रहे थे। इस खुलासे के बाद स्थानीय लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर चोरी के इस पूरे मामले को छिपाने के लिए गाय मरने की कहानी क्यों गढ़ी गई।

### धनाढ्य परिवार के व्यक्ति पर गंभीर सवाल

अमलाई क्षेत्र में यह मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि राज तिवारी को एक संपन्न और प्रभावशाली परिवार से जुड़ा माना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आर्थिक रूप से मजबूत होने के बावजूद यदि कोई व्यक्ति सरकारी जमीन से मिट्टी चोरी कर उसे बेचने जैसे काम में शामिल हो जाता है, तो यह व्यवस्था और



जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

### कोल इंडिया ने पुलिस को सौंपी शिकायत

कोल इंडिया के एरिया सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह और अन्य अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण करने के बाद पुलिस को सूचना दी। इसके बाद देवहरा पुलिस चौकी को पूरे मामले की जानकारी दी गई और अवैध उत्खनन के संबंध में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### देवहरा पुलिस कर रही जांच

फिलहाल पूरे मामले की जांच देवहरा पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि खदान क्षेत्र से मिट्टी निकालने में किन-किन लोगों की भूमिका रही और रेलवे परिसर तक इसे कैसे पहुंचाया गया। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि नगर परिषद की मशीन किस आदेश पर खदान क्षेत्र में पहुंचाई गई और इसमें किस-किस की मिलीभगत रही।

### पूरे क्षेत्र की निगाहें जांच पर

अवैध उत्खनन के इस मामले के सामने आने के बाद पूरे अमलाई क्षेत्र की निगाहें अब पुलिस और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। लोग यह जानना चाहते हैं कि आखिर कोल इंडिया की जमीन से चोरी कर रेलवे में मिट्टी बेचने के इस पूरे मामले में किन-किन लोगों की जिम्मेदारी तय होगी और क्या कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच जारी है और आने वाले दिनों में इस मामले में कई और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## जल गंगा संवर्धन का शंखनाद, अब कागजों पर नहीं, जमीन पर उतरेगा जल संरक्षण का जन-सैलाब

शहडोल।



जल संकट की आहट और सूखते कंठों के बीच शहडोल जिले ने भीषण गर्मी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी सोच को धरातल पर उतारने के लिए जिले में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का आक्रामक आगाज हो चुका है। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जब पूरा जिला शक्ति की भक्ति में लीन था, तब प्रशासन और जनशक्ति ने ग्राम अन्तरा स्थित सिद्ध शक्तिपीठ कंकाली देवी मंदिर प्रांगण से जल-क्रांति की मशाल जलाई।

### बावड़ी की गंदगी पर प्रहार

अभियान की शुरुआत महज फीता काटकर नहीं, बल्कि फावड़ा और तगाड़ी उठाकर की गई। कंकाली देवी मंदिर की प्राचीन बावड़ी, जो उपेक्षा की धूल फांक रही थी, उसे पुनर्जीवित करने के लिए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने खुद मोर्चा संभाला। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के पसीने की बूंदों ने यह साफ संदेश दे दिया कि अब जल स्रोतों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जल है तो कल है, विकल्प कोई नहीं

श्रमदान के बाद हुंकार भरते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा धरती को हरियाली की चादर ओढ़ानी है तो जल स्रोतों को बचाना ही होगा। हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने मौके पर ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के इंजीनियरों को कड़ी हिदायत देते हुए बावड़ी के जीर्णोद्धार का एस्टीमेट तत्काल तैयार करने के निर्देश दिए। यह अभियान महज एक सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि 30 जून तक चलने वाला एक युद्ध है, जिसमें हर जल स्रोत को प्रदूषण मुक्त और जीवित करने का लक्ष्य है।

### 12 वर्षीय बाल योगी आयुष कान्हा महाराज करेंगे श्रीमद्भागवत कथा का शंखनाद

## भठिया धाम में बरसेगी भक्ति की अमृत धार

शहडोल।

सिद्ध शक्तिपीठ मां सिंहवाहिनी भठिया वाली के पावन प्रांगण में इस वर्ष चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष का स्वागत दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ किया जाएगा। आगामी 21 मार्च, शनिवार से भठिया धाम में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है, जिसमें श्री वृंदावन धाम से पधारे मात्र 12 वर्षीय विलक्षण प्रतिभा के धनी बाल योगी आयुष कान्हा महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से भक्तों को सराबोर करेंगे।

कलश यात्रा से होगा मंगल शुभारंभ

21 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ इस ज्ञान यज्ञ का श्रीगणेश होगा। कथा का समापन रामनवमी के पावन अवसर पर पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। हाल ही में रीवा के चिरहुला नाथ धाम में अपनी कथा से जन-जन को मंत्रमुग्ध करने वाले आयुष कान्हा महाराज अब शहडोल के भक्तों को भगवान से जोडऩे का दिव्य दायित्व निभाएंगे। आयोजकों का मानना है कि इस कथा की मुख्य श्रोता स्वयं माता सिंहवाहिनी होंगी, जिनके संरक्षण में यह आयोजन हो रहा है।

### जगतगुरु दंडवती महाराज का मिलेगा सानिध्य

इस आध्यात्मिक महोत्सव के मुख्य संरक्षक जगतगुरु दंडवती महाराज (आश्रम खाम्ही डोल) होंगे। कथा के दौरान क्षेत्र के कई अन्य सिद्ध महापुरुषों और संतों के दर्शन लाभ भी श्रद्धालुओं को प्राप्त होंगे। आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि दैनिक यजमान बनने या पूजा-अर्चना के लिए कोई बाध्यता नहीं रखी गई है, श्रद्धा रखने वाला हर भक्त इस यज्ञ में सहभागिता कर सकता है।

### नववर्ष का स्वागत ज्ञान गंगा के साथ

समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे चैत्र नवरात्रि और भारतीय नववर्ष का प्रारंभ इस ज्ञान यज्ञ के माध्यम से करें। माता रानी के दर्शन के साथ-साथ श्रीमद्भागवत महापुराण का श्रवण



कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। 21 मार्च से प्रारंभ होने जा रही इस अमृत वर्षा में सपरिवार पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करें और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।

# त्योहारों पर हुड़दंगियों की खैर नहीं
## शांति समिति की बैठक में भाईचारे का कवच तैयार

शहडोल।

आगामी रामनवमी, ईद, चेटीचंड और हनुमान जयंती जैसे बड़े त्योहारों की आहट के बीच धनपुरी पुलिस ने असामाजिक तत्वों और अफवाहबाजों को सीधा संदेश दे दिया है, त्योहार मनाओ, कानून मत तोड़ो। धनपुरी थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की हाई-प्रोफाइल बैठक में खाकी के सख्त तेवर और समाज के जिम्मेदारों का अटूट संकल्प एक साथ नजर आया।



### अफवाहबाजों पर डिजिटल स्ट्राइक की तैयारी

बैठक में पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि सोशल मीडिया पर भडक़ाऊ पोस्ट डालने वाले या भ्रामक खबरें फैलाने वाले कीबोर्ड वॉरियर्स पुलिस की राडार पर हैं। अधिकारियों ने दोटूक कहा कि धनपुरी की गंगा-जमुनी तहजीब को किसी भी कीमत पर बिगडऩे नहीं दिया जाएगा। यदि किसी ने भी जुलूस या नमाज के दौरान तय नियमों की लक्ष्मण रेखा लांघी, तो प्रशासन का डंडा चलने में देर नहीं लगेगी।

### धर्मगुरुओं की हुंकार: हम एक हैं

बैठक में हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि, मुस्लिम समाज के धर्मगुरु और सिंधी समाज के गणमान्य नागरिकों ने एक सुर में कहा कि धनपुरी में नफरत की कोई जगह नहीं है। सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस ने भी भरोसा दिलाया कि संवेदनशील इलाकों में स्पेशल सर्विलांस और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

### संदिग्धों की अब खैर नहीं

पुलिस ने बैठक के माध्यम से यह संदेश घर-घर तक पहुँचा दिया है कि जुलूस और धार्मिक आयोजनों की आड़ में अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि त्योहारों की रौनक आपसी मोहब्बत से बढ़ेगी, न कि विवादों से। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि पुलिस का खुफिया तंत्र पूरी तरह सक्रिय है और हर संदिग्ध हरकत का जवाब सख्ती से दिया जाएगा।

### 48 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे पहुंचा अपहरण का खौफ

**शहडोल।** नाबालिग बेटियों पर बुरी नजर डालने वालों और उन्हें बहला-फुसलाकर ले जाने वाले गिरोहों के खिलाफ गोहपारू पुलिस ने कड़े तेवर अख्तियार कर लिए हैं। 16 मार्च को घर से गायब हुई एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

**शिकायत मिलते ही एक्शन में खाकी-** मामले की गंभीरता को देखते हुए 17 मार्च को जैसे ही परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेटी को ले जाने का संदेह जताया, पुलिस ने बिना वक्त गंवाए मोर्चा संभाल लिया। थाना इंचार्ज सउनि भागचन्द्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम ने जाल बिछाया। खाकी की सक्रियता और जमीन पर मजबूत मुखबिर तंत्र का नतीजा यह रहा कि 18 मार्च की सुबह होने से पहले ही अपहृता को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

SBI KOTMA (02869) **भारतीय स्टेट बैंक शाखा-कोतमा**
न्यू बस स्टेण्ड कोतमा जिला-अनूपपुर (म.प्र.)sbi.02869@sbi.co.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

पत्र क्रमांक-कोतमा/2025-26/27 दिनांक 14/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स-अब्दुल तौहीद किराना स्टोर ऋण धारक का नाम- श्री अब्दुल तौहीद पुत्र श्री हाजी मो. सकूर सम्पत्ति मालिक- श्री अब्दुल तौहद पुत्र श्री हाजी मो. सकूर सम्पत्ति विवरण - खसरा नं. 1247/3 क्षेत्रफल-600 ईस्कूयर फुट-पोस्ट ऑफिस के पास कोतमा, अनुपपुर (म.प्र.)-484334 शाखा का नाम-भारतीय स्टेट बैंक कोतमा, जिला-अनुपपुर (म.प्र.), शाखा क्रुट क्रमांक-02869 चौहद्दी- उत्तर- आईमूल हुडा का घर दक्षिण- समिउल्ला की जमीन, पूरव-रोड, पश्चिम- म्रगेंद्र सिंह की जमीन मांग पत्र- सांकेतिक कब्जा दिनांक 11/03/2026 राशि-रूपया 1118509.00+ब्याज+अन्य खर्च(नौ ग्यारह लाख अठारह हजार पांच सौ नौ रूपये+ब्याज+अन्य खर्चे)।

-मुख्य प्रबन्धक,भारतीय स्टेट बैंक शाखा-कोतमा

SBI KOTMA (02869) **भारतीय स्टेट बैंक शाखा-कोतमा**
न्यू बस स्टेण्ड कोतमा जिला-अनूपपुर (म.प्र.)sbi.02869@sbi.co.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

पत्र क्रमांक-कोतमा/2025-26/26 दिनांक 14/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स-माँ शक्ति ट्रेडर्स, ऋण धारक का नाम- श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री अजय कुमार वर्मा जमानत दर का नाम- श्री अजय कुमार पुत्र श्री कमला प्रसाद वर्मा सम्पत्ति मालिक- श्री अजय कुमार पुत्र श्री कमला प्रसाद वर्मा सम्पत्ति का विवरण-खसरा नं. 234/1/2,0.081 हे.का जुज भाग 30=100x3000 वर्गफुट, पेट्रोल पंप के पास वार्ड नं. 07, केशवाही रोड, कोतमा अनुपपुर (म.प्र.)484334 शाखा का नाम-भारतीय स्टेट बैंक कोतमा, जिला-अनुपपुर (म.प्र.), शाखा क्रुट क्रमांक-02869 चौहद्दी- उत्तर-केशवाही रोड, दक्षिण-गणेश उपाध्याय की जमीन, पूर्व- चरकू भरिया की जमीन, पश्चिम- विक्रेता की जमीन। मांग पत्र- सांकेतिक कब्जा दिनांक 11/03/2026 राशि-रूपया 934035.00+ब्याज+अन्य खर्च(नौ लाख चौतीश हजार पैतिश रूपये+ब्याज+अन्य खर्चे)।

-मुख्य प्रबन्धक,भारतीय स्टेट बैंक शाखा-कोतमा

## विक्रम संवत 2083 का विजय घोष शहडोल में दिखा सम्राट विक्रमादित्य का शौर्य

### आधुनिक युग को न्याय और धर्म का पाठ

**शहडोल।** पश्चिम की नकल छोड़ अब अपनी जड़ों की ओर लौटने का समय आ गया है। नव संवत्सर और भारतीय नव वर्ष के आगाज पर शहडोल की धरती ने वह शौर्य और गौरव महसूस किया, जो सदियों पहले सम्राट विक्रमादित्य के काल में भारत की पहचान था। विक्रम संवत 2083 के प्रवेश पर आयोजित कोटि सूर्य उपासना और ऐतिहासिक नाट्य मंचन ने यह साफ



कर दिया कि भारत अब अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ समझौता नहीं करेगा।

**एकता और अखंडता की हुंकार-** जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में जब विधायक जयसिंह मरावी, कमिश्नर सुरभि गुप्ता और कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ब्रह्मध्वज स्थापित किया, तो पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति और अध्यात्म से सराबोर हो गया।

कांवड़ यात्रा, प्रभात फेरियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पहले ही बन चुका है भक्तिमय माहौल

# शहडोल में आज झूलेलाल जयंती का उल्लास

## आज भजन-कीर्तन, भंडारा, शोभायात्रा और ज्योति विसर्जन के साथ मनाया जाएगा भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव

**शहडोल।** शहडोल में सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल की जयंती आज श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। नगर के झूलेलाल मंदिर से लेकर प्रमुख मार्गों तक धार्मिक माहौल बना हुआ है। पिछले कई दिनों से चल रहे कांवड़ यात्रा, प्रभात फेरियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद आज 20 मार्च को मुख्य आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा, वाहन रैली, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मुख्य शहर से बुढ़ार रोड जाने वाले मार्ग पर स्थित झूलेलाल मंदिर में भगवान झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला पिछले कई दिनों से निरंतर जारी है। झूलेलाल सेवा मंडल एवं सिंधी समाज की विभिन्न संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इन कार्यक्रमों में समाजजनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है और पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत 13 मार्च को 21 कांवड़ यात्रा के साथ की गई थी। इस दौरान पूज्य बहराणा साहिब की स्थापना कर भगवान झूलेलाल का



स्वरूप स्थापित किया गया। कांवड़ यात्रा झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर धार्मिक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद 14 मार्च से 18 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 5 बजे प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। ये प्रभात फेरियां शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से निकाली गईं, जिनमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ शामिल हुए। प्रभात फेरियों के दौरान भगवान झूलेलाल के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजता रहा और समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिली। 15 मार्च की शाम एक शाम झूलेलाल साईं के नाम शीर्षक से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सिंधु म्यूजिक ग्रुप के किशोर आहूजा (ग्वालियर)



और गायक विशाल गंगलानी (इटारसी) ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। यह कार्यक्रम सिंधी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश के सहयोग से आयोजित किया गया था।

इसी क्रम में 17 मार्च की शाम सिंधी प्रश्नोत्तरी एवं सिंधी व्यंजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन समिति के सदस्य उत्तम लेखवानी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी को सिंधी संस्कृति, भाषा और परंपराओं से जोडऩा है। आयोजन समिति के सदस्य चंदन बहरानी ने बताया कि 19 मार्च तक सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं और इन कार्यक्रमों ने झूलेलाल जयंती के मुख्य आयोजन के लिए पूरे शहर में धार्मिक वातावरण तैयार कर दिया है।

### आज मनाया जाएगा भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव

भगवान झूलेलाल जयंती के मुख्य कार्यक्रम आज 20 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। सुबह 8:30 बजे से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। सुबह 11 बजे झूलेलाल मंदिर में भजन-कीर्तन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद दोपहर 12:30 बजे भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। दोपहर 3 बजे निः शुल्क सामूहिक जनियों पायां वेंदा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के लोग पारंपरिक रूप से भगवान झूलेलाल के समक्ष श्रद्धा अर्पित करेंगे। शाम 5 बजे पूज्य बहराणा साहिब की भव्य शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक, गुरुनानक चौक, न्यू गांधी चौक, जैन मंदिर और सिंधी बाजार होते हुए निकाली जाएगी। आयोजन समिति के सदस्य परमानंद आसवानी ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहेगा तथा समाज के सभी लोग इसमें शामिल होंगे। इसके अलावा आज विशाल वाहन महा रैली भी निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन भाग लेंगे। कार्यक्रम के अंत में रात लगभग 9 बजे ज्योति विसर्जन किया जाएगा और रात 10 बजे शुभम पैलेस में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्य जे.पी. नागवानी ने समाजजनों से अपील करते हुए कहा कि भगवान झूलेलाल जयंती सिंधी समाज का प्रमुख पर्व है और यह आस्था, संस्कृति तथा सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होकर भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद लेने का आग्रह किया है। इन दिनों झूलेलाल मंदिर में प्रतिदिन सुबह 9:15 बजे और रात 7 बजे आरती भी की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान झूलेलाल के हर-हर झूलेलालःघर-घर झूलेलाल के जयकारे लगा रहे हैं।

# भक्ति के सैलाब के बीच मां बिरासिनी धाम में गूंजा जयकारा







### घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि का भव्य शुभारंभ

**उमरिया।** चैत्र प्रतिपदा के पावन अवसर पर समूचा जिला शक्ति की उपासना के रंग में सराबोर हो उठा है। वासंतिक नवरात्रि के प्रथम दिवस, जिले की सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां बिरासिनी धाम में श्रद्धा और विश्वास का अपूर्व संगम देखने को मिला। वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच कलेक्टर धरणेन्द्र जैन ने सपरिवार माता के दरबार में शीश नवाया और आदिशक्ति के प्रथम स्वरूप माँ शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर विधिवत घट स्थापना की।

### श्रद्धा का अनूठा संगम और प्रशासनिक सहभागिता

मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं की मौजूदगी में कलेक्टर ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने परंपरा का निर्वहन करते हुए मनोकामना कलश की रसीद कटवाकर इस पुण्य अनुष्ठान का विधिवत श्रीगणेश किया। मंदिर परिसर में उपस्थित जनसमूह की भक्ति को देखते हुए सुरक्षा और सुगम दर्शन के कड़े इंतजाम किए गए थे।

### शंखनाद से गुंजायमान हुआ गगन मंडल

नवरात्रि की बैठकी को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा गया। ब्रह्म मुहूर्त में ही श्रद्धालु स्नान-ध्यान कर नंगे पाँव हाथों में पूजा की थाली लिए कतारों में खड़े हो गए थे। जैसे ही शुभ मुहूर्त पर माता के भव्य श्रृंगार के बाद गर्भगृह के पट खुले, मंदिर परिसर शंख-घडिय़ालों की गूंज और जय माता दी के उद्घोष से प्रतिध्वनित हो उठा। मां बिरासिनी का दिव्य श्रृंगार भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रहा था; ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात शक्ति धरा पर अवतरित हुई हों।

### जिलेभर के शक्तिपीठों में अनुष्ठान

केवल पाली ही नहीं, बल्कि जिले के अन्य प्रमुख देवी धामों में भी आस्था की बयार बही। माँ ज्वालामुखी मंदिर में अलसुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। मानपुर व बहरा धाम में भी ग्रामीण अंचलों से आए भक्तों ने मां के चरणों में जलार्पण किया। चंदिया के प्राचीन चंडिका मंदिर में भी विधि-विधान से घट स्थापना संपन्न हुई।

### नारी शक्ति की विशेष उपस्थिति

इस बार की नवरात्रि में महिलाओं और युवतियों की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं पारंपरिक गीतों के साथ माँ के दरबार पहुंचीं। दोपहर तक जल ढारने और चुनरी चढ़ाने का सिलसिला अनवरत चलता रहा। भक्तों ने माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा कर व्रत का संकल्प लिया।

### जवारा कलशः आस्था की ज्योति

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्रि के नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में भक्तों द्वारा मनोकामना जवारा कलश स्थापित किए गए हैं। इन कलशों में अंकुरित होते जवारे भक्तों की अटूट श्रद्धा का प्रतीक हैं। आगामी नौ दिनों तक उपवास और अखंड ज्योति के साथ माता की आराधना की जाएगी, जिसका समापन नवमी तिथि को जवारा विसर्जन के साथ होगा। वर्तमान में जिले का कोना-कोना भक्तिमय हो चुका है। मंदिरों के आसपास सजी फूलों और पूजन सामग्री की दुकानों से उत्सव का माहौल देखते ही बनता है। प्रशासन ने अपील की है कि सभी श्रद्धालु धैर्यपूर्वक और शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# बांधवगढ़ में मौत का तांडव जारी!

### टाइगर स्टेट के किलर मैनेजमेंट की भेंट चढ़ी एक और बाघिन

**उमरिया।** दुनियाभर में बाघों के घनत्व के लिए विख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एक बार फिर वन्यजीव प्रेमियों के आक्रोश और शोक का केंद्र बन गया है। प्रबंधन के तमाम दावों और करोड़ों के बजट के बीच मानपुर रेंज के बनवेई नाला क्षेत्र में एक 5 वर्षीय युवा बाघिन ने दम तोड़ दिया। यह मौत केवल एक वन्यजीव की क्षति नहीं है, बल्कि उस तंत्र पर कड़ा प्रहार है जो समय रहते संकट को भांपने में हर बार नाकाम साबित हो रहा है।

### कब तक चलेगा रेस्क्यू का नाटक

15 मार्च 2026 की शाम को इस लाचार बाघिन के बीमार होने की सूचना मिली थी। जब तक पार्क का अमला और वन्यजीव स्वास्थ्य दल मौके पर पहुंचा, तब तक बाघिन की स्थिति अत्यंत नाजुक हो चुकी थी। सवाल यह उठता है कि जिस बाघिन की उम्र मात्र 5 साल थी, वह इतनी अत्यंत कमजोर अवस्था में कैसे पहुंच गई? क्या वन विभाग की गश्ती टीम सो रही थी, क्या फील्ड स्टाफ को बाघिन की गिरती सेहत का पहले से आभास नहीं हुआ।

### जब सांसें थमीं, तब हुई सक्रियता

प्रबंधन का दावा है कि 16 मार्च को बाघिन को रेस्क्यू कर बहेरहा बाड़े में शिफ्ट किया गया और विशेषज्ञों की निगरानी में इलाज शुरू हुआ, लेकिन अफ़सोस, जब मौत सिर पर खड़ी हो, तब शुरू किया गया उपचार केवल कागजी खानापूर्ति ही नजर आता है। 17 मार्च की दोपहर को इलाज के दौरान बाघिन ने दम तोड़ दिया। अब



राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को सूचना देने और शव परीक्षण की औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं।

### बीमारी या सिस्टम का संक्रमण

प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लिवर, तिल्ली की गंभीर बीमारी और आंतरिक रक्तस्राव की बात सामने आई है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते बाघिन को सही ट्रैक किया जाता, तो संक्रमण इस कदर नहीं फैलता। बाघिन के अंग सुरक्षित पाए गए हैं, जिससे शिकार की संभावना तो खत्म हो जाती है, लेकिन प्रबंधन की निगरानी क्षमता पर लगा दाग और गहरा हो जाता है।

### जिम्मेदारों की चुप्पी और भविष्य का डर

बाघिन की मौत के बाद अब विसरा नमूनों को प्रयोगशाला भेजकर रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। यह बांधवगढ़ की पुरानी कार्यशैली रही है, घटना हो जाने के बाद रिपोर्ट के पीछे छिप जाना। एक स्वस्थ युवा मादा बाघिन का इस तरह असमय मर जाना टाइगर रिजर्व की सुरक्षा और स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े करता है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में किया गया नारी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



**कोतमा।** नेशनल एसोसिएशन वी क्लब ऑफ़ इंडिया कोतमा क्लब निस्वार्थ के द्वारा बुधवार को नारी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर्स का सम्मान किया गया और क्लब में एक नए सदस्य रूबल अग्रवाल की सदस्य वृद्धि की गई। कार्यक्रम का संचालन क्लब की सचिव वी डॉक्टर संगीता प्रजापति के द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता वी मोहिनी वर्मा द्वारा की गई कार्यक्रम में वी छाया बरसैया, वी रीता गुप्ता, वी सुमन गुप्ता, वी बबीता, नीतू अग्रवाल और क्लब की एरिया ऑफिसर रचना जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी नर्सिंग ऑफिसर्स को शाल और मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया। सभी से उनके विचार सुने गए और क्लब के सभी सदस्यों द्वारा नारी के प्रति अपने अपने विचार रखे गए।

## भव्य कलश यात्रा के साथ सतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

**राजनगर।** नगर पारिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत विगत 24 वर्षों की भांति इस वर्ष भी न्यू राजनगर काली मंदिर प्रांगण में शतचंडी महायज्ञ एवं रुद्र महायज्ञ (श्री शिव शक्ति वाहन यज्ञ) का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में यज्ञ संरक्षक शेषानारायणाचार्य महाराज द्वारकाधीश अस्सी वाराणसी, राम कथा व्यास सुश्री शिखा तिवारी द्वारकाधीश अस्सी वाराणसी, यज्ञाचार्य हरि गोविंद शास्त्री, राज राजेश्वर संस्कृत विद्यालय विश्वनाथ गली वाराणसी हैं। मुख्य कार्यक्रम 20 मार्च से 26 मार्च तक प्रतिदिन राम कथा का कार्यक्रम शाम 7 बजे से होगा। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकालकर इस महायज्ञ की शुरुआत की गई। हसदेव क्षेत्र के मुखिया क्षेत्रीय महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई, उपक्षेत्रीय महाप्रबंधक राजेश राय, एवं दीपक बंठिया खान प्रबंधक राजनगर आर.ओ, यशवंत सिंह अध्यक्ष नगर परिषद बनगवां (राजनगर) की उपस्थिति में वाराणसी से आए हुए विद्वानों द्वारा मंत्रोचार व पूजा पाठ कर कलश यात्रा की शुरुआत की गई। इस हजारों की संख्या में कलश यात्रा में पूरा राजनगर ही उपस्थित हो गया था। यह भव्य कलश यात्रा यज्ञ स्थल काली मंदिर न्यू राजनगर से प्रारंभ होकर जोड़ा तालाब, हॉस्पिटल, सी टाइप कालोनी होते हुए सब एरिया बंगला, बाजार दफाई, बस स्टैंड, भगत सिंह चौक होते हुए प्राचीन शिव मंदिर राजनगर में आकर वहां पूजन उपरान्त जल लेकर सभी श्रद्धालु वापस यज्ञ स्थल काली मंदिर पहुंचे। इस पूरे कलश यात्रा के दौरान नगर पारिषद बनगवां अध्यक्ष ने कलश यात्रा मार्ग पर पानी के छिड़काव हेतु पानी के टैंकर लगाये। जगह जगह श्रद्धालुओं के लिये शरबत, शीतल पेय, मिठाई केले, फल, अस्पताल के पास, बच्चों की दुकान के पास, सब स्टेशन के सामने, चर्च के सामने इन स्थानो पर श्रद्धालुओं को वितरित किए जा रहे थे। पूरे कलश यात्रा के दौरान नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के टैंकरों द्वारा पूरे रोड में कलश यात्रा के आगे आगे पानी गिराया जा रहा था। जिससे कि श्रद्धालुओं को इस तपती गर्मी में उनके पैरों को आराम




मिल सके। यह शतचंडी महायज्ञ पिछले 24 सालों से इसी तरह हर वर्ष चैत महीने में आयोजित की जाती है। कार्यक्रम आयोजन समिति द्वारा सभी नगर वासियों से अपील कि गयी है, कि अधिक से अधिक संख्या में इस राम कथा को सुनने हेतु कथा स्थल पर पहुंचे। इस कार्यक्रम में नगर के सभी गणमान्य नागरिक, व्यापारी, श्रमिक दल के नेता, पत्रकार, महिलाएं, पुरुष, बच्चे, नगर परिषद बनगवां राजनगर के कर्मचारी भी शामिल रहे। कलश यात्रा के दौरान थाना रामनगर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था में अपना पूरा योगदान दिया।

# मालवाहक वाहनों में ढोई जा रही सवारी

**कोतमा।** मालवाहक वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। जिसके कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। खासतौर पर ग्रामीण अंचलों में यह समस्या सबसे अधिक देखने को मिलती है। बावजूद इसके मालवाहक वाहनों पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। पूर्व में करीब दर्जन भर से अधिक घटनाएं हो चुकी है, जिसमें लोगों की मौत भी हो चुकी है। नगर सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र में मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने का कार्य रोजाना किया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में आवागमन के साधन कम होने के कारण मालवाहक वाहनों से सवारियां ढोने का कार्य किया जाता है। क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को काम पर लाने ले जाने के लिए मालवाहक वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर ले जाया जाता है। ऐसे में कभी भी घटना हो सकती है। मोटर व्हीकल एक्ट में साफ तौर पर मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने पर पाबंदी है। हादसे होने की स्थिति में अपनी जान गंवाने वाले तथा घायल होने वाले लोगों को मुआवजे का भी प्रावधान नहीं है। बावजूद इसके ऐसे मालवाहक वाहनों पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है। पूर्व में नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में माल वाहक वाहनों में बारात ढोई जा रही थी जिसके कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। बावजूद इसके प्रशासन गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं। कृषि कार्यों के नाम पर क्रय किए गए वाहनों का होता है उपयोग। कृषि कार्यों के नाम से खरीदे गए वाहनों का सवारी गाड़ियों की तरह इस्तेमाल हो रहा है। ट्रैक्टर, मेटाडोर, पिकअप जैसे अन्य वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। शादी, पिकनिक व अन्य कामकाज में वाहन का उपयोग किया जाता है। ज्ञात हो परिवहन विभाग के द्वारा ऐसे वाहनों को रोककर उनकी चेकिंग नहीं किया जा रहा है। माल वाहक मालिक और चालक रुपए के लालच में ग्रामीणों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसे वाहनों पर कार्यवाही नहीं होने से उनके हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। लगातार सड़क हादसे होने के बाद भी



मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोई जा रही है।

एक ओर जिला यातायात विभाग के द्वारा सड़क दुर्घटना मे कमी लाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाते हुए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वावजूद लोगों के द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है ऐसे वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग में धड़ल्ले से फर्राटे भरते नजर आ रहे हैं।

## घर में घुसकर गाली गलौज एवं हंगामा किए जाने से वार्ड में फैल गई दहशत

**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 में हिस्ट्रीशीटर बदमाश गोविंद प्रजापति के द्वारा वार्ड के ही रामेश्वर शुक्ला के घर में घुसकर जमकर गाली गलौज एवं हंगामा किए जाने से पूरे वार्ड में दहशत फैल गई। बताया जाता है कि थाना अंतर्गत आदतन बदमाश गोविंद प्रजापति ने पीड़ति के घर में घुसकर जमकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। फरियादी के द्वारा लगातार मना करने के बाद भी नहीं माना गया और उपद्रव करता रहा। उक्त घटना से पीड़ति एवं आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। थाना से कुछ कदम की दूरी पर ही खुलेआम गुंडागर्दी की वारदात के बाद रामेश्वर शुक्ल के द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने अश्लील गाली गलौज, जान से मार डालने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करते हुए विवेचना की जा रही है। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने बताया कि गोविंद प्रजापति निवासी रेस्टहाउस रोड जो कि थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है जिसके खिलाफ पिछले 2 दशक के अंतराल में गुंडागर्दी, मारपीट, चोरी, फर्जीवाड़ा सहित आड़ीबाजी करने के गंभीर अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं को दे रहे निशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण



**कोतमा।** कोतमा नगर में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे कि वह किसी भी परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकें। प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में छात्राओं के द्वारा इस शिविर में पहुंचकर आत्मरक्षा से संबंधित दाव सीख रहे हैं। कोतमा मार्शल आर्ट्स खेल एवं कला एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक एवं निर्देशक देवशरण सिंह द्वारा वार्ड क्रमांक 10 जनपद पंचायत के सामने नवरात्र पर्व पर नगर 15 मार्च से सुबह सात बजे से आठ बजे तक बेटियों एवं 15 साल से कम उम्र के बेटों को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दिया जा रहा है। देवशरण सिंह ने बताया कि बीस वर्षों से गर्मी की छुट्टियों मे कैंप लगाकर छात्राओ को निः शुल्क आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। देवशरण सिंह ने बताया कि आजकल बढ़ रही छेड़छाड़ की घटनाओं के चलते मनचलों को सबक सिखाने के लिए इस कला को अवश्य सीखना चाहिए। यदि किसी भी युवती को मार्शल आर्ट आता है वह मनचलों को सबक सिखा सकती है। पुलिस की कार्यवाही में देरी हो जाती है इसीलिए मौके पर लड़ने के लिए युवतियों की मार्शल आर्ट की कला मददगार साबित हो सकती है। देवशरण सिंह कहते हैं कि अब युवतियों को मार्शल आर्ट सिखा कर उनका मनोबल बढ़ाना ही उसके जीवन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं व युवतियों का ग्रुप यदि उसे किसी अन्य स्थान पर कैंप लगाने के लिए निमंत्रण देता है तो वह तैयार है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता को अपनी बेटियों को पढ़ाई के साथ साथ युद्ध कला सिखाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिससे बेटियां शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत हो सके।

### प्रस्फुटन समितियों व नवांकुर सखी का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित

**बदरा/जमुना।** म.प्र. जन अभियान




परिषद विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक-03 की नवांकुर संस्था कोशिश सेवा समिति कोतमा कॉलरी द्वारा ग्राम पंचायत बदरा में प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखी का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चार अलग-अलग सत्रों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच शिवभान सिंह, भाजपा पसान मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह मिंटू तथा मंडल महामंत्री अजय यादव द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया। संस्था के सचिव जितेंद्र रजक ने प्रशिक्षण की आवश्यकता और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान धीरेंद्र सिंह मिंटू ने कहा कि जन अभियान परिषद के माध्यम से प्रस्फुटन समितियों को सशक्त बनाने का यह प्रयास भविष्य में सकारात्मक परिणाम देगा। वहीं सरपंच शिवभान सिंह ने समितियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। दूसरे सत्र में दुर्गेश दाहिया ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी, जबकि जितेंद्र रजक ने प्रस्फुटन योजना, समिति संरचना, कार्यक्रम योजना और दस्तावेजीकरण की विस्तृत जानकारी दी। अंतिम सत्र में नरेंद्र देवांगन ने स्वयंसेवी संस्थाओं के निर्माण और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में नवांकुर प्रभारी अमीन अहमद, परामर्शदाता आरती पाव, संस्था सदस्य सुरेश कुमार सहित विभिन्न प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि एवं नवांकुर सखियां उपस्थित रहीं।

### गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज

**कोतमा।** अनूपपुर जिले के कोतमा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक एक में रहने वाले सतीश सोनी 35 वर्ष ने प्रकाश शिवहरे के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि मनीष सोनी अपने मित्र के घर साहू मोहल्ला गया था जहां पर आरोपी के द्वारा पेशाब किए जाने की बात पर विवाद करते हुए गाली गलौज देने लगा जिसे मना करने पर गुस्साते हुए अपने 2 अन्य साथियों के साथ लाठी-डंडे एवं हाथ मुक्के से मारपीट कर दिया। मारपीट से चेहरे व नाक में चोट आई है। थाना में सतीश सोनी की रिपोर्ट एवं मेडिकल पर पुलिस ने प्रकाश शिवहरे निवासी पुराना अस्पताल के पास एवं उसके साथियों के खिलाफ धारा 296, 115, 351 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार: थाना प्रभारी

## नवरात्र, ईद और झूलेलाल जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**बुढार।** आगामी त्यौहारों—चैत्र नवरात्र, ईद-उल-फितर और भगवान झूलेलाल जयंती—को नगर में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को बुढार थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### नवाचार और सद्भावना पर जोर

बैठक के दौरान थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने सभी से अपील की कि प्रत्येक समुदाय अपने-अपने त्यौहारों को आपसी प्रेम और सद्भावना के साथ मनाए। उन्होंने विशेष रूप से आग्रह किया कि इस बार चलित जुलूसों के दौरान कुछ ऐसे नवाचार किए जाएँ, जिससे पूरे समाज में एकता और आपसी भाईचारे का एक सकारात्मक संदेश प्रसारित हो सके।



### ईद मिलन समारोह में सभी का स्वागत

मुस्लिम समुदाय की ओर से नसीर रजा ने जानकारी दी कि आगामी 23 मार्च को ईद मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर सभी समुदायों के लोगों को सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि यह पर्व सभी को साथ जोड़ने का माध्यम बनेगा।

### जनप्रतिनिधियों ने किया समर्थन

नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार ने थाना प्रभारी के विचारों का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि नगर की परंपरा हमेशा से मिल-जुलकर रहने की रही है और इस बार भी सभी त्यौहार आपसी सद्भाव की मिसाल पेश करेंगे।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से पुष्पेंद्र ताम्रकार, वरिष्ठ पत्रकार मोहन नामदेव, नसीर रज़ा, आशीष नामदेव,पार्षद श्रीमती सविता सिंह, हर्ष पाठक, शैलेन्द्र सराफ, विजय तिवारी, काजल सरावगी, अनूप गुप्ता, भरत लाल साहू, देवेन्द्र वरगाही, मोहन बैगा सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक और पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य संदेशः त्यौहार खुशियाँ बाँटने का अवसर हैं, इन्हें शांति और अनुशासन के साथ मनाकर नगर की एकता को मजबूत करें।

# रेत से लोड ट्रकों की जांच



ब्यौहारी

तहसीलदार ब्यौहारी- द्वारा रीवा शहडोल टोल प्लाजा भमरहा में रेत से लोड ट्रैकों को जांच की तो टीपी गलत पाई गई ट्रैकों में बालू शहडोल जिले एवं उमरिया जिले में बने सोन नदी से लोड कराया जाता है खदान मालिक द्वारा ट्रक ड्राइवर को टीपी पासवन जिला अनूपपुर की जारी कर रहा है तहसीलदार ने टोल प्लाजा मलिक को सख्त आदेश दिया है कि एक भी ट्रक स्टॉल प्लाजा से निकलने ना पाए टोल मालिक द्वारा कहा गया कि अधिक गुंडागर्दी करते हैं तो हम क्या करेंगे तहसीलदार द्वारा कहा गया कि आप पुलिस बल की सहयोग ले लेंगे और एक गाड़ी 112 की और एक स्टाफ आपको मैं दिला दूंगा थाना प्रभारी से बोलकर अब देखना यह है कि यह रेत के ठेकेदार कहां तक अपनी रे चल पाते हैं और शासन इन पर कितनी लगाम लगा सकता है1

# श्रीराम जानकी मंदिर में गूंजी मानस की चौपाइयां नौ दिवसीय अखंड पाठ का भव्य शुभारंभ

बुढार।

चैत्र नवरात्र और हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर नगर के हृदय स्थल श्रीराम जानकी मंदिर में भक्ति की बयार बहने लगी है। शुक्ल प्रतिपदा (बैठकी) के शुभ मुहूर्त पर गुरुवार से नौ दिवसीय अखंड मानस पाठ, एवं अखंड ज्योति प्रज्वलित कर विधि-विधान से प्रारंभ किया गया।

श्रद्धालुओं की उपस्थिति और मंत्रोच्चार के बीच मंदिर परिसर का वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो गया है। इस अवसर पर मंदिर के महंत अर्जुन दास महाराज जी ने समस्त



नगर वासियों को हिंदू नववर्ष (नव संवत्सर) की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महाराज जी ने प्रभु श्री राम से प्रार्थना करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य और सुख-समृद्धि की मंगल कामना की है।

गौरतलब है कि आगामी नौ दिनों तक चलने वाले इस अखंड पाठ में बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। मंदिर समिति द्वारा आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस अवसर पर धर्म नूरागी चंद्रिका प्रसाद,अरविंद नायक,भानू दीक्षित सुरेन्द्र जायसवाल,शरद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# गुफाओं की नगरी से विख्यात पाण्डव कालीन श्रीराम जानकी मंदिर लखबरिया में रामनवमी पर्व पर श्रद्धालुओं का उमड़ेगा सैलाब





बुढार।

गुफाओं की नगरी लखवरिया धाम स्थित श्रीराम जानकी मंदिर लखबरिया में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के मध्य रामनवमी पर्व श्रद्धा एवं आस्था पूर्वक मनायी जायेगी, और श्रद्धालुओं का दर्शनार्थ उमडेग़ा सैलाब।

श्रीराम जानकी मंदिर ट्रस्ट लखबरिया में आहूत बैठक में हिन्दू नववर्ष रामनवमीं के शुभागमन पर मंदिर में साजसज्जा के साथ रामनवमी पर्व परंपरानुरूप विविध कार्यक्रमों के मध्य मनाये जानें विस्तृत रूप रेखा निर्धारण किये जाकर निर्णय लिया गया।

गुफाओं की नगरी जो पाण्डव कालीन समय से ही श्रद्धा एवं आस्था का मुख्य केन्द्र बिन्दु रही है, जहां श्रीराम लला जी, भूतभावन भोलेनाथ तथा पवनसुत हनुमान जी की दिव्य प्रतिमायें सुसज्जित मंदिर में विराजमान हैं जहां मंदिर से लगे विभिन्न ग्रामीण अंचलों के साथ दूर-दराज के श्रद्धालुजन दर्शनार्थ तथा अपनी मनोकामनाओं को लेकर आते हैं जहां इस वर्ष रामनवमी पर्व पर लखबरिया मंदिर में श्रद्धालुओं का दर्शनार्थ जन सैलाब उमड़ेगा।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष इन्द्रकुमार तिवारी (एड.) की अध्यक्षता में यह बैठक आहूत की गई जिसमें रामनवमीं के साथ-साथ मंदिर की आराजी में निर्मित दुकानों का व्यवस्थित बिल संबंधित द्वारा प्रस्तुत किये जानें तथा मंदिर के आराजी पर लगे महुआ फूल की देख-रेख व महुआ फूल को संग्रहित करने हेतु समिति गठित की गई, वहीं मंदिर के पूजन में व्यय होने वाली राशि को मंदिर के खाते से आहरित किये जानें का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

मंदिर ट्रस्ट समिति सदस्य श्रीकान्त शर्मा (गीतानुरागी) ने नववर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर श्रद्धालुजनों को शुभकामना देते हुये - पर्व की सार्थकता अनुरूप मंदिरों व घरों में श्रीराम भगवान एवं योगेश्वर श्रीकृष्ण जी का पूजन-अर्चन श्रद्धाभाव से करने तथा श्लोकों का सवस्वर उच्चारण करनें की प्रेरणा प्रदान करते हुये कहाकि - यह हम सभी सनातन धर्मावलम्बियों के लिये पर्व स्वर्णिम है। श्रीराम जानकी मंदिर ट्रस्ट की आहूत बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष मनीष चमड़िया, सदस्य पत्रकार मोहन नामदेव, हेमन लाल यादव, श्रीकान्त तिवारी, सतनू बैगा, रामलाल वर्मन, सीताराम चर्मकार, रामकुमार तिवारी, जगदीश यादव, सोहन लाल यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# थैलेसेमिया मरीजों के लिए रोगी सहायता समूह की बैठक संपन्न



उमरिया।

जिला चिकित्सालय के सभागार में थैलेसेमिया मरीजों के लिए रोगी सहायता समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मरीजों और उनके परिजनों को जागरूक करना तथा उपचार से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करना था।

डॉ.मुकुल तिवारी ने बताया कि थैलेसीमिया एक आनुवंशिक (जेनेटिक) रक्त विकार है, जो माता-पिता से बच्चों में जीन के माध्यम से आता है। इस बीमारी में शरीर सामान्य हीमोग्लोबिन नहीं बना पाता, जिससे लाल रक्त कोशिकाएं जल्दी नष्ट हो जाती हैं और गंभीर एनीमिया (खून की कमी) हो जाता है। इसके गंभीर मामलों में नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन (खून चढ़ाने) की जरूरत होती है। बैठक मे विशेषज्ञों ने थैलेसेमिया के नियमित उपचार,समय पर रक्त चढ़ाने, आयरन चिलेशन थेरेपी और आवश्यक जांचों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही मरीजों के परजनो को परामर्श दिया गया उनके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में सभी थैलेसेमिया मरीज एवं उनके परिजन भी शामिल हुए, जिससे उन्हें एक-दूसरे के अनुभव साझा करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मरीजों को मानसिक एवं सामाजिक सहयोग प्रदान करना तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाना रहा। बैठक में सिविल सर्जन डॉ.के.सी.सोनी,सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ.मुकुल तिवारी, डॉ . सी . पी . शा क या , डॉ.बी.के.प्रजापति, डॉ. संदीप सिंह, ब्लड बैंक इंचार्ज वीरेंद्र शर्मा, लैब इंचार्ज अरविंद, डेवलपमेंट संस्था के प्रतिनिधि डॉ.विकास ठाकुर एवं विनोद कुमार यादव सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शांति समिति की बैठक संपन्न



**ब्यौहारी**-थाना ब्यौहारी में चैत्र नवरात्रि ,झूलेलाल जयंती एवं ईद के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में नगर निरीक्षक जिया उल हक ने कहा कि शांति शहर बिगड़ने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी एसडीएम भागीरथी लहरों ने कहा कि सभी समुदाय त्योहारों को शांतिपूर्वक बनाएं शांति समिति की बैठक में प्रमुख रूप राजेंद्र सोनी, रमजान कादरी, रोशन नागपाल, समीम खान,रानू ताम्रकार, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## सम्राट विक्रमादित्य एक सार्वभौमिक महानायक थे: कलेक्टर

# ब्रम्हध्वज की स्थापना तथा सूर्य उपासना के साथ विक्रमोत्सव का हुआ शुभारंभ

उमरिया।

प्रदेश सरकार की पहल पर जिले में नव वर्ष विक्रम संवत का कार्यक्रम सामुदायिक भवन उमरिया में अतिथियों व्दारा ब्रम्हध्वज की स्थापना तथा सूर्य उपासना के साथ संपन्न हुआ। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने चौत्र नवरात्रि प्रतिपदा तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भारतीय संस्कृति,धर्म एवं कला के संरक्षण की दिशा में उठाया गया,यह एक महत्वपूर्ण कदम है । उन्होने कहा कि नृत्य नाटिका के माध्यम से वैदिक पंरपराओ से अवगत होने का अवसर मिला है।आने वाली पीढ़ी को इस नृत्य नाटिका से प्रेरणा लेनी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य एक सार्वभौमिक महानायक थे। उन्होंने राज्य विस्तार के साथ ही अपनी न्यायप्रियता तथा राज्य संचालन से जनता का मन मोह



लिया था। उनकी छवि एक आदर्श राजा की थी , उनके नव रत्नों व्दारा कला, संस्कृति और ज्ञान का अदभुत विकास किया गया। विक्रमादित्य सभी धर्मो का सम्मान करते थे , उनके काल में मंदिरो,विहारों एवं शिक्षा केंद्रो का निर्माण हुआ।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि हिंदू नववर्ष का पर्व हमे हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति से जोड़ता है । सम्राट विक्रमादित्य ने संगठित प्रशासनिक प्रणाली विकसित की जिसमें न्याय व्यवस्था, अर्थ व्यवस्था, रक्षा व्यवस्था और शिक्षा का विशेष महत्व था । वे स्वयं जनता के मामलों को सुनते थे और उचित निर्णय लेते थे जिसके कारण लोक गाथाओ में उन्हें धर्म का संरक्षक माना गया। आपने कहा कि हिंदू नव वर्ष सनातन संस्कृति का वाहक है,इसकी शुरूआत ज्ञान, विज्ञान एवं धर्म से जोडकर की गई है।

कार्यक्रम में उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग व्दारा कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर अधीक्षक भू अभिलेख सतीश सोनी, कोषालय अधिकारी अखिलेश पाठक, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग अमन दुबे,जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी सहित बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### कवि नर्मदा प्रसाद गुप्ता का निधन

**ब्यौहारी**-नगर परिषद ब्यौहारी- के अंतर्गत झंडा मंदिर के निवासी कवि नर्मदा प्रसाद गुप्ता का 86 वर्ष की उम्र में 18/03/26 को निधन हो गया वह उच्च श्रेणी शिक्षक थे शिक्षक की कार्य की अतिरिक्त उन्होंने, सागर की लहरें, केसर आलोक, चुनाव चालीसा, सागर मंथन जैसी कई रचनाएं लिखी वह ग्राम छूदा तहसील ब्यौहारी के रहने वाले थे उनके पुत्र चंद्रभान गुप्ता जन शिक्षक, बडे भाई इंद्रभान गुप्ता भी शिक्षक हैं उनके निधन से क्षेत्र के लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है उनका निधन कवि समाज के लिए अपूरणीय छती है

### प्रस्फुटन समितियां का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** विकासखंड कोतमा अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 4 के ग्राम पंचायत भवन बैहाटोला में प्रस्फुटन समितियां का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण जी.एस. हितकारिणी समिति कोतमा नामांकुर संस्था द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में श्रीमती कंचन सिंह सरपंच बैहाटोला, सरिमन साकेत विकासखंड समन्वय कोतमा की उपस्थिति में मां बिणा पाणी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम बैहाटोला, कटकोना, चंगेरी, पथरौड़ी, पैरी चुआ के अध्यक्ष सचिव सदस्य व नवाकुर सखियों ने भाग लिया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि डॉक्टर के.एल. दीवान खंड चिकित्सा अधिकारी कोतमा व अध्यक्षता श्रीमती कंचन सिंह सरपंच ने किया विशिष्ट अतिथि में अजय सोनी बीपीएम, श्रीमती संतोषी पनिका बीसीएम, सरिमन साकेत बीसी कोतमा, सचिव जगदीश साहू की उपस्थिति रही, प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षक के रूप में सरिमन साकेत बीसी कोतमा ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की परिकल्पना ओंकार सिंह सचिव जीएस हितकारिणी समिति कोतमा ने स्वाक्षिक संस्थानों का गठन एवं प्रबंधन महेंद्र यादव अध्यक्ष कान्हा जन कल्याण समिति ने समग्र विकास की अवधारणा प्रतिभा साहू परामर्शदाता ने प्रस्फुटन समितियां का दस्तावेजीकरण पर जानकारी दी। दीवान ने कहां की गांव के विकास के लिए सबसे जरूरी है संगठन जब गांव के लोग एकजुट होकर काम करते हैं तो बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान आसानी से हो जाता है ग्राम विकास का मतलब केवल सड़क बिजली और पानी नहीं बल्कि शिक्षा रोजगार और स्वच्छता का भी विकास हो सोनी ने कहां की स्वच्छ पानी पौष्टिक भोजन निर्मित व्यायाम और साफ सफाई से ही हम एक स्वस्थ समाज बना सकते हैं श्रीमती कंचन सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि समग्र विकास सब की सहभागिता से ही होना संभव है।

### कोतमा के ग्राम बेलगांव के कनई नदी की सामूहिक श्रमदान से की गई साफ-सफाई



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** राज्य शासन द्वारा 19 मार्च से 30 जून तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बेलगांव के कनई नदी में श्रमदान-साफ सफाई का कार्य जनपद अध्यक्ष जीवन सिंह धुर्वे के नेतृत्व में किया गया इस अवसर पर जेठू सिंह, ग्राम पंचायत बेलगांव की सरपंच सुश्री हेमलता सिंह, एपीओ रावेंद्र आर्या शाहिद आसपास के ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं शासकीय सेवको, ग्रामीणों द्वारा जन सहभागिता से साफ सफाई का कार्य किया गया। राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन व कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में अनूपपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यक्रम जिले के विभिन्न जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायतो में आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत 19 मार्च से 30 जून तक जल संरक्षण संवर्धन, जागरूकता, जल स्रोतों के पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन के लिए नागरिकों को प्रोत्साहन व सामुदायिक सहभागिता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य का किया गया मंचन





**उमरिया।** भारत का नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरूआत चौत्र प्रतिपदा से हुई । इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार की पहल पर विक्रमोत्सव के उपलक्ष्य में सम्राट विक्रमादित्य पर केनद्रित नाट्य का मंचन अंकित मिश्रा के नेतृत्व में रंग उत्सव नाट्य समिति रीवा व्दारा सामुदायिक भवन उमरिया में किया गया। यह आयोजन संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश,मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दल के कलाकारों ने ब्रम्हध्वज सूर्य उपासना के साथ किया। इस नाटक में सम्राट विक्रमादित्य के मालवा के शासक बनने के पहले,शको को हराकर सत्ता संभालने, कुलदेवी हरसिध्दी की उपासना,उनके नवरत्नों जिनमें कालिदास, वराहमिहिर,अमर सिंह, धन्वंतरि,क्षपणक,शंकु,वेताल भट्ट,घटकर्पर और वररुचि शामिल थे,इनके सहयोग से संस्कृति कला और ज्ञान के संगम से न्याय धर्म और कला की स्थापना का प्रस्तुतिकरण दिया गया। उनके काल में विक्रम संवत की शुरूआत कालगणना का शुभारंभ, राज्य विस्तार तथा सिंहासन बत्तीसी,बेताल पच्चीसी जैसी रचनाओं में प्रचलित कहानियों का मंचन किया गया ।

**खबर संक्षेप**

## कलम पर हमला बर्दाश्त नहीं



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर में पत्रकार अमित शुक्ला पर हुए जानलेवा हमले ने कानून-व्यवस्था और पत्रकारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि चार आरोपी अभी भी फरार हैं। इस घटना ने पूरे पत्रकारिता जगत में आक्रोश और चिंता दोनों पैदा कर दी है। जिला मुख्यालय में 17 मार्च की रात हुई यह घटना सिर्फ एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा प्रहार मानी जा रही है। चेतना नगर निवासी पत्रकार अमित शुक्ला पर कुछ असामाजिक तत्वों ने न केवल हमला किया बल्कि अवैध उगाही का प्रयास भी किया है। घटना के बाद पत्रकारों में भारी आक्रोश देखने को मिला है। पत्रकारों ने 18 मार्च को कोतवाली पहुंचकर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन ने तत्परता दिखाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शिब्बू पटेल और मुकेश पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में गंगाराम पटेल, अनीश पटेल सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल राजनगर की कार्यकारिणी घोषित



**राजनगर।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के संभाग प्रभारी गौरव शिरोटिया एवं जिला संगठन प्रभारी संजय साहू के सहमति से तथा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के अनुमोदन पश्चात भारतीय जनता पार्टी मंडल राजनगर की मंडल कार्यकारिणी घोषित हुई। जिसमें प्रमुख रूप से पुष्पराज सिंह (उपाध्यक्ष), राजेश जायसवाल (उपाध्यक्ष), अरविंद सिंह परिहार (उपाध्यक्ष), सुनील गुप्ता (उपाध्यक्ष), शिवमूरत केवट (उपाध्यक्ष), गिरजा विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष) सचिन कुमार द्विवेदी (महामंत्री), नारायण साहू (मंत्री), दुलीचंद धनवार (मंत्री), पुष्पा चतुर्वेदी (मंत्री), पार्वती सिंह (मंत्री), राजकुमार सिंह गोड़ (मंत्री), हरिलाल चौधरी (मंत्री), रविदास चौधरी कोषाध्यक्ष, पंकज कुमार शर्मा (मीडिया प्रभारी), सुश्री पूजा केवट (कार्यालय मंत्री), श्रीमती ललई कोल (कार्यालय सहमंत्री), श्रीमती रिंकी पनिका (सह मीडिया प्रभारी), योगेश केवट (मन की बात प्रमुख) को संगठन की ओर से दायित्व सौंपे गए हैं। इन सभी के नवनियुक्त होने पर गजेंद्र सिंह सिकरवार, बृजमोहन सिंह गहरवार, डॉ. मदन त्रिपाठी, डॉ. सुनील चौरसिया, यशवंत सिंह, के.एन. शर्मा, राजेंद्र त्रिपाठी, सुरेश गौतम, राजेश कलसा, धर्मेंद्र सिंह, राजू जायसवाल, डॉ. महेश चौहान, बृजेंद्र देवांगन, राकेश मिश्रा, जितेंद्र चौहान, रवि सिंह, श्याम सुंदर गौतम, देवनाथ त्रिपाठी, श्रीमती सुनीता सिंह, सुश्री कंचना मेहता, चंद्रशेखर द्विवेदी, प्रमोद शुक्ला, मनीष शुक्ला, दिनेश चतुर्वेदी, महेश जेठानी, तेज बहादुर कुशवाहा, सच्चिदानंद सिंह, श्रीमती संगीता माली, संजय वर्मा, सोनू कनौजिया, रवि शंकर शर्मा, संतोष जायसवाल, अजय सिंह, बृजेश कुशवाहा, समय पटेल, दिनेश मिश्रा, प्रेम नारायण चौधरी, रामप्रकाश गुप्ता, मूलचंद गुप्ता, ललन सिंह, कुंवर सिंह, शंकर सिंह, रामा केवट, राधेश्याम केवट, सुनील कावरे, भल्लू केवट एंव सभी कार्यकर्ताओं ने मंडल कार्यकारिणी गठन होने के उपलक्ष्य पर सभी वरिष्ठ जनों ने भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को बधाई और शुभकामनाएं दी और सभी पदाधिकारियो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मुख्य सरगना बैठा दुबई में, एक आरोपी की मुंबई से हुई गिरफ्तारी

# बैंक खातों की जालसाजी के विरुद्ध अनूपपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### फरार आरोपियों के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी

### बैंक कर्मचारियों की भूमिका पर भी पुलिस की जांच शुरू




**अनूपपुर।** मुंबई निवासी हितेश नंदवानी उर्फ सिल्वर ओक्स दुबई में बैठकर भारत में ऑनलाइन ठगी एवं अवैध गैम्बलिंग का नेटवर्क संचालित कर रहा था। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम तथा एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना कोतमा पुलिस द्वारा बैंक खातों के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया गया है।

दिनांक 27.02.2026 को आवेदक दीपक केवट निवासी ग्राम पडोर, थाना भालूमाड़ा द्वारा थाना कोतमा में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें बताया गया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर उनके एटीएम कार्ड, पासबुक एवं सिम कार्ड अपने पास रखकर कमीशन लिया जा रहा है तथा खातों का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी की जा रही है। उक्त शिकायत पर थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपीगण के विरुद्ध धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया, जिसे विवेचना के दौरान धारा 111 बीएनएस से भी जोड़ा गया। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि आरोपी बादल सोनी उर्फ जिमी निवासी कोतमा द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अनूपपुर जिले के भोले-भाले लोगों के बैंक खाते खुलवाए जाते थे, जो मुख्यतः बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खोले जाते थे, क्योंकि इस बैंक के एटीएम कार्ड की लिमिट अधिक होती है। खाता खुलवाने के बाद आरोपियों द्वारा एटीएम कार्ड, पासबुक एवं सिम कार्ड अपने कब्जे में रख लिए जाते थे। इसके बाद ये खाते मुंबई स्थित आरोपी दीपक यादव उर्फ फिलिप के पास भेजे जाते थे, जो इन्हें सेट कर दुबई भेज देता था। दुबई में बैठे सरगना द्वारा इन खातों का उपयोग अवैध लेन-देन एवं ऑनलाइन ठगी के लिए किया जाता था। ट्रांजेक्शन के बाद राशि की निकासी मुंबई में एटीएम के माध्यम से की जाती थी।




### मुंबई कनेक्शन एवं बड़ी कार्यवाही

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर मुंबई कनेक्शन सामने आने पर पुलिस टीम को मुंबई भेजा गया, जहां दबिश देकर आरोपी दीपक यादव उर्फ फिलिप को गिरफ्तार किया गया। इसके कब्जे से 145 एटीएम कार्ड, 23 सिम कार्ड (एयरटेल, जियो, वीआई), 20 पासबुक, 05 चेकबुक, 14 मोबाइल फोन, 01 डेल लैपटॉप एवं 01 राउटर बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दुबई में बैठे सरगना हितेश नंदवानी, विशाल जत्यानी एवं पंकज सुखनानी के निर्देश पर कार्य करता था। पार्सल के माध्यम से प्राप्त एटीएम कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों को सेट कर दुबई भेजता था तथा प्रतिदिन 10/12 लाख रुपये की निकासी कर उक्त व्यक्तियों तक पहुंचाता था।

### मुख्य सरगना एवं कार्रवाई

प्रकरण के मुख्य आरोपी हितेश नंदवानी उर्फ सिल्वर ओक्स, विशाल जत्यानी उर्फ विक्की, पंकज सुखनानी एवं नीतू नंदवानी वर्तमान में दुबई में रहकर इस गिरोह का संचालन कर रहे हैं। इनके विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी कराया जा रहा है तथा गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई है। साथ ही, बैंक कर्मचारियों एवं अन्य संभावित सहयोगियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### विशेष योगदान

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में उप निरीक्षक अकबर खान, सउनि सुखीनंद यादव, प्रधान आरक्षक संजीव त्रिपाठी, रामखेलावन यादव, आरक्षक अभय त्रिपाठी, सुनील मिश्रा, महेश साहू एवं साइबर सेल से प्रधान आरक्षक राजेन्द्र अहिरवार, पंकज मिश्रा एवं राजेन्द्र केवट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भालूमाड़ा पुलिस ने चोरी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के द्वारा थाना क्षेत्र में हो रही बडे पैमाने की हो रही चोरियों के संबंध में सभी थाना प्रभारियों को पता साजी तथा अज्ञात चोरों को पता कर पकडने तथा उनसे चोरी की जेवर एवं नगदी बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था फरियादी नागेन्द्र कुमार अवस्थी पिता रामदेव अवस्थी उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम बदरा थाना भालूमाडा के द्वारा दिनांक 20.01.2026 को सूचना दी गई थी कि एम.एन. सिंह पेट्रोल पम्प के मालिक संग्राम सिंह निवासी बदरा के परिवार सहित ईलाज कराने नागपुर चले गये है तथा घर में ताला बंद था दिनांक 19-20/01/2026 की रात्रि करीब 01.30 बजे से 2.30 बजे के बीच अज्ञात चोर घर का ताला तोड कर चोरी करने घर में घुस कर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ले गये है सामान अस्त व्यस्त पडा है मकान मालिक आने पर चोरी गये सामानों के बारे में जानकारी देंगे रिपोर्ट पर थाना भालूमाडा में अप.क्र. 24/2026 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना की गई। मकान मालिक के घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरा में चोरी की वारदात भी कैद हुई लेकिन तीन चोंरो द्वारा नकाब लगाये होने से पहचांन नही हो सकी तथा घर के बाहर चोरो के द्वारा पहुंचने के लिए इनोवा कार का उपयोग किया गया था तथा इनोवा कार में भी दो व्यक्ति बैठे दिख रहे थे विवेचना के दौरान फरियादी के द्वारा चोरी गये सोने चांदी के जेवरातों की सूची पुलिस को प्रस्तुत की गई थी विवेचना हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया और पुलिस टीम के द्वारा अज्ञात चोर तथा चोरी का माल पकडने के लिए दिन रात प्रयास करते हुए आस पास व रास्ते व टोल नाका के सभी सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये जिससे पता चला कि टोल नाका मैनटोला बिजुरी से एक इनोवा कार दिनांक 20.01.2026 के रात्रि 03.35 बजे मनेन्द्रगढ तरफ जाती हुई दिख रही है तथा उसमें पांच लोग बैठे हुए है जिसके उपर संदेह करते हुए गाडी नम्बर का पता किया गया तो पता चला कि कुर्वान रजा खान पिता गुलबहार खान निवासी तिलईधार थाना सीतापुर सरगुजा छ.ग. के नाम से दर्ज है जो अपने उक्त इनोवा कार को अपने मामा ससुर जब्बीर खान पिता हाफिज खान उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम रायकेरा थाना सीतापुर को चलाने के लिए दिया था और जब्बीर खान अपने दोस्तों अनीश खान उर्फ गोल्डन पिता अमीन खान उम्र 26 वर्ष निवासी रायकेरा टोप्पोपारा थाना सीतापुर जिला सरगुजा, नंदलाल उर्फ नंदू गिरी पिता राम प्रसाद गिरी उम्र 32 वर्ष निवासी बालमपुर जंगलपारा थाना सीतापुर जिला सरगुजा एवं पास्टर उर्फ मानवेन्द्र लकड़ा निवासी नकना थाना सीतापुर जिला सरगुजा के द्वारा घटना दिनांक को उक्त वाहन से बदरा पहुंचकर फरियादी के घर का ताला तोड कर सोने चांदी का जेवरात अलमारी में रखे तोड खोल कर चोरी कर ले गये थे चोरों की पता तलास के दौरान वाहन मालिक कुर्वान रजा खान को पकड कर पूछताछ की गई जो बताया कि उसके मामा ससुर जब्बीर खान उसके दोस्त आरिफ खान, नंदलाल उर्फ नंदू गिरी, पास्टर उर्फ मानवेन्द्र लकडा, अनीश उर्फ गोल्डन सभी मिलकर चोरी किये है और चोरी के सोने चांदी के जेवरात अम्बिकापुर स्थित माँ अन्नपूर्ण ज्वेलर्स के मालिक नीरज सोनी पिता उमेश सोनी निवासी चांदनी चौक अम्बिकापुर को 9 लाख रुपये में बिक्री कर दिये है जिसमें उक्त जानकारी के पश्चात आरोपियों की धर पकड के दौरान आरोपी अनीश उर्फ गोल्डन, नंदलाल उर्फ नंदू गिरी, तथा वाहन मालिक कुर्बान खान रजा तथा चोरी के जेवरात खरीददार नीरज सोनी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो बताये कि दिनांक 20.01.02026 को दोपहर 2.30 बजे चोर जब्बीर खान, आरिफ खान और अनीश उर्फ गोल्डन के साथ मिलकर खरीददार नीरज सोनी को बिक्री कर दिये है तथा नीरज सोनी द्वारा गला कर अपने दुकान में नये जेवर तैयार कराकर बिक्री कर रहा है तथा कुछ सोने चांदी के जेवरात आरोपी जब्बीर खान एवं आरिफ खान अपने पास रख लिये है आरोपी खरीददार नीरज सोनी के कब्जे से एक 1 किलो 700 ग्राम चांदी के जेवरात जिसमें पायल कडा एवं बिछिया तथा सोने की एक चैन करीब 2 तोले, 3 सोने का लाकेट एवं घटना में प्रयुक्त वाहन को जप्त किया चुका है तथा नगदी 77050 रुपये पूर्व में जप्त किया जाकर आरोपीगणों को जेल भेजा गया है तथा प्रकरण के एक आरोपी पास्टर उर्फ मानवेंद्र लकड़ा जो घटना दिनांक से फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर उसके गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किया जा रहा था लगातार संभावित स्थानों में जाकर दबिस दिया जा रहा था जो दिनांक 16.03.2026 को आरोपी मानवेल बेक उर्फ पास्टर पिता राजनाथ बेक उम्र 36 वर्ष निवासी नकना थाना सीतारपुर जिला अम्बिकापुर (सरगुजा) छ.ग.के द्वारा न्यायालय कोतमा में आत्मसमर्पण करने की सूचना मिलने पर तत्काल थाना भालूमाडा पुलिस टीम द्वारा न्यायालय कोतमा पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तारी किया जाकर पूछताछ किया गया आरोपी को न्यायालय के समक्ष दिनांक 18.03.2026 को जे.आर. पर पेश किया गया जो न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने पर आरोपी उपरोक्त को जिला जेल अनूपपुर भेजा गया। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ सिंह मरकाम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्ग दर्शन में उक्त फरार आरोपी को पकड कर गिरफ्तार करने में पुलिस टीम इंचार्ज थाना प्रभारी भालूमाडा उप निरी. डी.एस. बागरी, सहा. उप निरी. मणिराज सिंह, सहा. उप निरी. चन्द्रहास बांधेकर आर. 294 देवेन्द्र तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

# 87 दिन से हाथियों का आतंक, गोबरी से सोनमौहरी पहुंचे 3 हाथी

### खेत-खलिहान तबाह, ग्रामीणों की नींद हुई हराम

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। 87 दिनों से लगातार विचरण कर रहा तीन हाथियों का दल अब गोबरी से निकलकर सोनमौहरी के जंगल में पहुंच गया है। खेतों, घरों और फसलों को भारी नुकसान पहुंचाने से ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है और हर रात डर के साए में बीत रही है। जिले के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों हाथियों का खौफ साफ नजर आ रहा है। पिछले 87 दिनों से तीन हाथियों का समूह लगातार जंगलों और गांवों के बीच विचरण करते हुए ग्रामीणों की फसलों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहा है। बीते सात दिनों तक जैतहरी क्षेत्र के गोबरी पंचायत के जंगलों में डेरा जमाने के बाद यह दल गुरुवार सुबह सोनमौहरी के जंगल में पहुंचा, जहां दिनभर विश्राम कर रहा है। लेकिन असली खतरा रात होते ही शुरू होता है, जब ये हाथी अचानक गांवों में घुसकर खेतों को उजाड़ देते हैं और घरों तक पहुंच जाते हैं। बीती रात हाथियों ने पंगना क्षेत्र के जल्दाटोला में धान की फसल को नुकसान पहुंचाया, वहीं एक ग्रामीण के घर का दरवाजा तोड़कर अंदर रखी धान की बोरियों को भी खा गए। इसके बाद कई गांवों में गेहूं, चना, केला और अन्य फसलों को बर्बाद करते हुए लंबा रास्ता तय किया। लगातार हो रहे नुकसान से ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों बढ़ते जा रहे हैं।



**खेत से घर तक मचा तांडव**

हाथियों ने सिर्फ खेतों तक ही नहीं, बल्कि घरों तक में घुसकर नुकसान पहुंचाया। पंगना क्षेत्र में एक घर का दरवाजा तोड़कर अंदर रखी धान की बोरियां निकालकर खा ली गईं। इसके अलावा कई किसानों के खेतों में लगी गेहूं, चना और मठरी की फसल को पूरी तरह चौपट कर दिया गया। यह स्थिति बताती है कि अब खतरा सिर्फ खेती तक सीमित नहीं रहा, बल्कि घरों की सुरक्षा भी खतरे में है।

### रात होते ही बढ़ जाता है खतरा

दिनभर जंगल में छिपे रहने वाले हाथी रात होते ही गांवों की ओर रुख करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रात में अचानक हाथियों के आने से दहशत का माहौल बन जाता है। लोग पूरी रात जागकर गुजारने को मजबूर हैं। हर रात यह डर बना रहता है कि अगला निशाना कौन सा गांव होगा। हाथियों का यह दल एक ही रात में कई गांवों और जंगलों को पार करता हुआ लंबी दूरी तय कर रहा है। गोबरी से पंगना, फिर छुल्हा और अमगवां होते हुए सोनमौहरी तक पहुंचना यह दिखाता है कि उनका मूवमेंट लगातार और अनिश्चित है, जिससे निगरानी करना भी चुनौती बन गया है।

**वन विभाग निगरानी तक सीमित**

वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगातार हाथियों की निगरानी तक सीमित हैं और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। इसके बावजूद लगातार नुकसान से ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है और कई बार यह गुस्सा गश्ती दल पर भी निकलता दिख रहा है। लोगों का कहना है कि सिर्फ चेतावनी से काम नहीं चलेगा, ठोस समाधान चाहिए।

**डर, नुकसान और अनिश्चितता**

लगातार हो रहे नुकसान से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। खेती चौपट हो रही है, घर असुरक्षित हैं और हर रात डर में गुजर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो स्थिति और भयावह हो सकती है। अनूपपुर में हाथियों का यह आतंक अब सिर्फ वन्यजीव मुद्दा नहीं रहा है यह आम जनजीवन का संकट बन चुका है। अगर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह डर जल्द ही बड़े हादसे में बदल सकता है।

# धार्मिक विधि विधान के साथ भक्तिमय वातावरण में उत्साह के साथ मनाई जाएगी झूलेलाल जयंती

**अनूपपुर।** कोतमा नगर में भगवान झूलेलाल जयंती 20 एवं 21 मार्च को 2 दिन पूरे धार्मिक विधि विधान के साथ भक्तिमय वातावरण में उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय सिंधी धर्मशाला एवं गुरुद्वारा में अलग अलग विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। समाज के अमृत गोधवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को सुबह से गुरुद्वारे में पूजा पाठ के साथ दोपहर विशाल लंगर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे। कोतमा एवं बिजुरी पूज्य सिंधी पंचायत के सुनील आर्य ने बताया कि शनिवार को समाज के सदस्यों द्वारा सुबह बाइक रैली के साथ शुरुआत की जाएगी उसके बाद विधि विधान से पूजा, शाम को भव्य शोभा यात्रा नगर की विभिन्न वार्डो में निकलेगी रात में सिंधी धर्मशाला में लंगर प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# 2 दशक से नहीं हुई पानी टंकी की सफाई

### बदरा में जहर बन रहा नल का पानी, इंदौर जैसी त्रासदी का खतरा

जिले के जमुना-कोतमा क्षेत्र के ग्राम बदरा में पेयजल व्यवस्था लापरवाही की हद पार कर चुकी है। गांव की मुख्य पानी टंकी पिछले दो दशक से साफ नहीं हुई है, जिसके चलते ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। हालात ऐसे हैं कि लोग अब इंदौर जैसी घटना की आशंका से सहमे हुए हैं।

**बदरा/जमुना।** जिले के बदरा गांव में पानी अब जीवन नहीं, खतरा बनता जा रहा है। नेशनल हाईवे-43 किनारे बसे इस गांव में लगभग 2 दशक पहले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बनाई गई पानी टंकी आज अपनी ही उपेक्षा का शिकार है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के बाद से इस टंकी की कभी नियमित सफाई नहीं कराई गई, जिसके चलते इसमें गंदगी, कचरा और यहां तक कि पक्षियों के अवशेष तक जमा होने की आशंका बनी रहती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कई बार नलों से आने वाले पानी में गंदगी साफ नजर आई, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने इसे नजरअंदाज कर दिया है। शिकायतें की गईं, 181 तक आवाज पहुंचाई गई, ग्राम पंचायत को अवगत कराया गया लेकिन नतीजा शून्य रहा है। अब ग्रामीणों का डर और बढ़ गया है, क्योंकि हाल ही में प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से मौतों की खबर ने इस खतरे को और वास्तविक बना दिया है। सवाल उठता है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है?

### टंकी बनी जहर का भंडार

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से सफाई नहीं होने के कारण टंकी के अंदर गंदगी जमा हो चुकी है। ओमप्रकाश तिवारी उर्फ लाल के अनुसार, कई बार पानी में कचरा और कबूतर के अवशेष तक दिखाई दिए हैं। यह स्थिति बताती है कि जिस टंकी से पूरे गांव को पानी मिल रहा है, वही अब बीमारी का स्रोत बन चुकी है। बावजूद इसके, विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है।

### शिकायतें हुईं, लेकिन सिस्टम सोता रहा

ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें दर्ज कराईं। 181 हेल्पलाइन से लेकर ग्राम पंचायत तक मामला पहुंचाया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। यह साफ दर्शाता है कि शिकायत तंत्र सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है और जमीनी स्तर पर कोई असर नहीं दिखता है। त्रिवेणी शंकर तिवारी (एडवोकेट) और केस्टो मुखर्जी जैसे स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि दूषित पानी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। गांव में पहले भी दूषित पानी से बीमारियां फैलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।

### कभी सफाई होते नहीं देखी

ग्रामीण झूलन केवट का कहना है कि जब से टंकी बनी है, तब से उन्होंने इसकी सफाई होते नहीं देखी। यह बयान अपने आप में पूरी व्यवस्था की पोल खोल देता है। एक ऐसी व्यवस्था, जहां पानी जैसी बुनियादी जरूरत के लिए भी कोई जवाबदेही तय नहीं है। हाल ही में इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों ने बदरा के ग्रामीणों को डरा दिया है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते टंकी की सफाई और पानी की जांच नहीं हुई, तो यहां भी गंभीर स्थिति बन सकती है। यह चेतावनी नहीं, बल्कि संभावित खतरे की साफ तस्वीर है।




### इनका कहना है

इस संबंध में जब ग्राम पंचायत बदरा के सरपंच से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पिछले लगभग 20 वर्षों से टंकी की सफाई नहीं हुई है वे अभी वर्तमान कार्यकाल में सरपंच बने हैं और टंकी की सफाई कराने के लिए बुढार, कोतमा सहित कई स्थानों पर संपर्क किया गया, लेकिन जोखिम के कारण कोई मजदूर सफाई करने के लिए तैयार नहीं हो रहा है उन्होंने बताया कि टंकी काफी पुरानी और जर्जर हो चुकी है तथा अंदर की लोहे की रॉड भी गल चुकी हैं, जिससे मजदूरों के लिए नीचे उतरकर सफाई करना खतरे से खाली नहीं है फिर भी टंकी की सफाई कराने के लिए प्रयास जारी हैं और पीएचई विभाग को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

**शिवभान सिंह**
**सरपंच, ग्राम पंचायत बदरा**

### इनका कहना है

पीएचई विभाग अनूपपुर के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बदरा की पानी टंकी का संचालन पंचायत द्वारा किया जाता है उन्होंने कहा कि संबंधित एई को निर्देश देकर सरपंच से बात कर टंकी की सफाई कराई जाएगी टंकी में सफाई के लिए अलग पाइप की व्यवस्था रहती है और मजदूरों के माध्यम से इसकी सफाई कराई जा सकती है विभाग इस मामले को दिखवाकर आवश्यक कार्रवाई करेगा।

**अमित शाह**
**कार्यपालन अभियंता, पीएचई विभाग**